हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 20 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

**तापमान**

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

3 केशरवानी महिला समिति ने मनाया गंगा दशहरा पर्व



## खबर संक्षेप

### लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग आज

**जांजगीर-चांपा।** लाइवलीहुड कॉलेज जांजगीर में 20 जून से प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिग का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज जांजगीर-चांपा ने बताया कि जिसमें शसन की योजना मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आजीविका संवर्धन कार्यक्रम अंतगर्त कोर्स इलेक्ट्रीशियन, उन्नत सिलाई प्रशिक्षण, कंप्यूटर आपरेटर, लाईनमेन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, सोलर टेक्नीशियन, डेकोरेटीव लाईट, सिक्योरिटी गार्ड, कृषि उपकरण मरम्मत, पोल्ट्री, मत्स्य बीज उत्पादन, टेलीकॉम, फ़ूड प्रोसेसिंग व नर्सिंग कोर्स प्रशिक्षण लेने हेतु इच्छुक युवा उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज 10वी, 12वी, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो एवं प्रशिक्षण 27 जून से प्रारंभ होगा।

### विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार सम्मेलन कल

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता आभार सम्मेलन शुक्रवार 21 जून को प्रातः 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया जायेगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, लोकसभा के प्रभारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, सहप्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला, लोकसभा संयोजक कृष्णकांत चंद्रा, सहसंयोजक डॉ. खिलावन साहू, डॉ. दिनेश जांगड़े, जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल एवं विधानसभा प्रभारी ज्योति पटेल इस सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पूरे जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल के जिन मतदान केंन्द्रो में लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक बढ़त प्राप्त हुई है। वहां के कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान रखा गया है तथा पूरे विधानसभा में सबसे अधिक मतों से बढ़त दिलाने वाले सभी कार्यकताओं का अभिनंदन किया जायेगा। विधानसभा संयोजक अरूण झाझड़िया, जांजगीर-नैला नगर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, चाम्पा मंडल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, जांजगीर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, नवागढ़ महामंत्री द्वय निरंजन कोसले, समर्थ सिंह ने जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से इस कार्यकर्ता आभार सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर मेंहदी की घटना

# बेकाबू बस ने ली 3 लोगों की जान, आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर 4 घंटे किया चक्काजाम





सड़क दुर्घटना के दौरान चक्काजाम करते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर-शिवरीनारायण मेन रोड पर मेहंदी गांव के पास अनियंत्रित यात्री बस ने दो बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर चक्काजाम कर दिया। मुआवजा मिलने पर 4 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्री साईं बस बुधवार 19 जून की दोपहर पामगढ़ से शिवरीनारायण की ओर जा रही थी। रास्ते में दोपहर करीब 1 बजे शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के मेहंदी गांव के पास तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बस ने सामने से आ रही दो बाइक को चपेट में ले लिया। एक बाइक में सवार चंडीपारा निवासी 50 वर्षीय मन्नू सिंह और उसकी पत्नी उमा कौर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बेटी मनप्रीत और गोयल गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर दूसरी बाइक में सवार राहौद निवासी सूरज यादव की भी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को सीएचसी लाया गया। डॉक्टरो नेमन्नू सिंह, उमा कौर और संजय यादव को मृत घोषित कर दिया। वही प्राथमिक उपचार के बाद मनप्रीत और गोयल को बिलासपुर रेफर किया गया। इधर घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की घटना स्थल पर भीड़ जुट गई। कुछ देर में ही मृतकों के परिजन भी पहुंच गए। शव को सड़क में रखकर चक्काजाम कर दिया गया। मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। चक्काजाम की जानकारी होने पर जिला पुलिस बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दुर्घटनाकरीत वाहन के चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर परिजन अड़े रहे। इस दौरान बिलासपुर- शिवरीनारायण मार्ग पर वाहनों के पहिये थमे रहे। शाम 5 बजे मृतक के परिजनों को 25 - 25 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी गई। इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

## क्षेत्र के अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा





अकलतरा विकासखंड के अलग-अलग गांव में दुर्घटनाओं से तीन लोगों की मौत हो गई। बीती रात ग्राम अमलीपाली के मौवार तालाब के पास ग्राम चंगोरी निवासी अभिजीत मिश्रा पिता विजय मिश्रा उम्र 26 वर्ष को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह लहू लुहान होकर बीच सड़क पर पड़ा हुआ था।

रात 9:00 बजे चांगोरी निवासी गगन गुरुद्वान के द्वारा अकलतरा से अपने गांव वापस जाते समय अभिजीत मिश्रा को घायल अवस्था में देखकर उसके परिजनों एवं ग्राम वासियों को सूचित किया गया। परिजनों के द्वारा अभिजीत मिश्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना ग्राम पोंड़ी दलहा की है। जहां मगलवार 18 जून शाम की 6:30 बजे घर का कामकाज करने के दौरान शशि साहू उम्र 32 वर्ष पति विनोद साहू के द्वारा कूलर को बंद करने के दौरान कूलर के संपर्क में करंट के चपेट में आ गई एवं बेहोश होकर गिर गई। परिजनों के द्वारा शशि साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। तीसरी घटना ग्राम कटघरी की है, जहां 16 वर्षीय रिया यादव पिता महेश यादव अपनी मां के साथ लिफ्ट मशीन ले जा रही ट्रैक्टर के बोनट में बैठकर छत ढलाई का कार्य करने जा रही थी। कटघरी एवं पचरी के बीच ट्रैक्टर के बोनट से उछलकर रिया यादव जमीन पर जहां गिरी जिससे उसके सिर एवं छाती मे गंभीर चोटे आई। रिया यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां उसे भी चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा आज तीनों शवों का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शवों को उनके परिजनों को सौंपा गया। तीनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



निर्माणाधीन खेल स्टेडियम।

## स्टेडियम की छत से टपक रहा पानी

### कार्रवाई को लेकर लामबंद हुए नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

5 करोड़ 85 लाख की लागत से बनाए जा रहे निर्माणाधीन खेल स्टेडियम के छत से पानी टपक रहा है। जससे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। इसे लेकर नगरवासियों ने एसडीएम से गुहार लगाई है।

ज्ञात हो कि डभरा नगर में करोड़ों रुपये के लागत से बन रहे खेल परिसर का निर्माण बहुत ही घटिया ढंग से किया जा रहा है। निर्माणाधीन अवस्था में ही लेंटर से पानी टपक रहा है। जिसका शिकायत किया गया है। नगर पंचायत डभरा के द्वारा शासकीय महाविद्यालय डभरा में पांच करोड़ पचासी लाख रुपये की लागत से खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। वहीं ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण का सारी हद पार कर दिया है। खेल परिसर के डाले गए लेंटर में अभी से पानी टपक रहा है। इससे समझा जा सकता है निर्माणाधीन खेल परिसर के गुणवत्ता के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा रहा है इस संबंध में शासकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा लिखित में शिकायत किया गया है शिकायत में कहा गया है कि कई बार नगर पंचायत के इंजीनियर को मौखिक रूप से कहा गया है, लेकिन नगर पंचायत का इंजीनियर ध्यान नहीं देता है और न ही निर्माण स्थल पर जाकर कार्य का निरीक्षण किया जाता है। इसके अलावा निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगाया गया है, जबकि नियमानुसार बोर्ड लगाना चाहिए रहता है। बहरहाल जो भी हो इंजीनियर और ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गुणवत्ता में सुधार लाने की जरूरत है।

इस संबंध में डभरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम ने बताया कि लिखित शिकायत प्राप्त हुई है जिसका जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## धारदार हथियार से हत्या करने वाले 6 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मेला मैदान में घातक हथियार से वार कर हत्या करने वाले 6 आरोपियों

**खास बात**

- द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी का फैसला

को आजीवन कारावास की सजा एवं 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। उक्त फैसला द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी ने सुनाया है।

अपर लोक अभियोजक जांजगीर इस चंद्रप्रताप सिंह के बताये अनुसार दिनांक 23 दिसंबर 2021 को प्रार्थी जगदीश्वर प्रसाद कश्यप द्वारा थाना पामगढ़ में सूचना दिया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके गांव कोसला में रौताही नाच उत्सव का कार्यकम हो रहा था। बुधवार 22 दिसंबर को वह अपने भाई महेश्वर कश्यप के साथ मेला देखने गया था। रात्रि 8 बजे के आसपास एक व्यक्ति ने आकर उसे बताया कि उसके भाई महेश्वर को मेला मैदान में मारपीट कर रहे हैं।



उक्त सूचना पाकर वह तत्काल कोसला अस्पताल के पास मेला मैदान में पहुंचा। तब देखा कि उसके भाई महेश्वर कश्यप की हत्या करने की नियत से एक राय होकर आरोपी अजय वर्मा, विजय वर्मा, मिथलेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्मा एवं ताराचंद द्वारा हाथ में रखे चाकू से महेश्वर कश्यप के पेट, बांये हाथ, कांख में तथा वीरसिंह कंवर, राजेश्वर सिह कंवर एवं कलीराम यादव के साथ भी चाकू से उनके पेट में मारकर चोटे पहुंचाये हैं। इसके पश्चात वह अपने भाई महेश्वर कश्यप को ग्रामीणों के मदद से ईलाज के लिए मेउभाठा तक पहुंचाया और वहां से वाहन 108 के द्वारा ईलाज कराने सीएचसी अस्पताल पामगढ़ लाया, जहां डाक्टर ने चोट की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर रिफर करने पर सिम्स अस्पताल बिलासपुर ले गये, जहां डाक्टर द्वारा जांच करने पर उसके भाई महेश्वर कश्यप की मृत्यु हो जाना बताया गया। प्रार्थी की सूचना पर थाना पामगढ़ ने दर्ज कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी। विवेचना के दौरान आहत दिलसिह एवं आहत राजेश्वर व कलीराम यादव का चिकित्सीय परीक्षण व ईलाज से संबंधित समस्त दस्तावेज प्राप्त किया । तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। आरोपीगण द्वारा प्राण घातक हथियार से वार कर मृत्यु कारित किया गया है। आरोपी अजय कुमार वर्मा पिता 25 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री पामगढ़, दुजराम वर्मा उम्र जितेंद्र कुमार वर्मा पिता दुजराम वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री, विजय कुमार वर्मा पिता दुजराम वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री पामगढ़, सुरज वर्मा पिता पूरनलाल वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री, मिथलेश वर्मा पिता हुलासराम वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री पामगढ़, एवं ताराचंद कश्यप पिता राजेश कश्यप उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम कुर्सीपारा थाना पामगढ़ को आजीवन कारावास की सजा एवं 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।


# पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**पासपोर्ट साइज फोटो**

महोदय,

.............................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम.............................................
2. पिता/पति का नाम.............................................
3. जन्म तिथि अंकों में.............................................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग .............................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित.............................................
1. मो..............................2. मो..............................व्हाट्सएप नंबर..............................
6. शैक्षणिक योग्यता,.............................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**


## बीईओ कार्यालय से चोरों ने कंप्यूटर प्रिंटर एवं मॉनिटर सहित लाखों का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बीती रात अज्ञात चोरों ने बीईओ के खिड़की को तोड़कर कार्यालय में रखा एसर कंपनी का दो नग सीपीयू, दो नग मॉनिटर, दो नग कीबोर्ड , दो नग माउस एवं एक नाग कैनन कंपनी का प्रिंटर व एक नग एच पी कंपनी का प्रिंटरसहित लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। घटना की सूचना को दिए जाने पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना में की जा रही है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि बुधवार 19 जून की सुबह 8 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का सफाई कर्मचारी संतोष बरेठ क्लर्क कार्यालय का ताला खोलकर जैसे ही अंदर गया उसके होश उड़ गए संतोष बरेठ ने देखा कि क्लर्क कार्यालय का खिड़की टूटा हुआ है एवं दो कंप्यूटर अपने स्थान से में नहीं है व एक कंप्यूटर मॉनिटर एवं सीपीयू जमीन पर पड़ा हुआ है। सफाई कर्मचारी के द्वारा घटना की सूचना विकासखंड शिक्षा अधिकारी रतन माला सिंह को दिए जाने पर 9:15 बजे अविलंब बीईओ कार्यालय पहुंची एवं घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के क्लर्कों ने बताया कि चोरी किए गए कंप्यूटर में महत्वपूर्ण डाटा थे इसके चलते कई छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन,पेंशन प्रकरण, परीक्षा एवं वेतन सहित कई कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।





| Janjgir To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2499 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

**RAHUL TRAVELS**
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

## खबर संक्षेप

### चावल वितरण में गड़बड़ी के मामले की जांच करेगी पुलिस

**कोरबा।** जिले में सिलाई मशीन वितरण के गड़बड़ी के मामले की जांच के निर्देश दिए हुए एक दिन ही बीता था। गरीबों के चावल वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है, जिसकी जांच पुलिस को सौंप दी गई है। चावल वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद विभाग ने पीडीएस दुकान संचालकों पर रिकव्हरी का आदेश जारी किया था, किंतु दुकान संचालकों ने खाद्य विभाग के आदेश को दरकिनार कर जुर्माना भी नहीं पटाया, तब विभाग ने मामले की शिकायत पुलिस से की। इस पूरे मामले के अनुसार नगर पालिक निगम अंतर्गत डिंगापुर, भिलाईखुर्द, दादरखुर्द आदि क्षेत्रों में संचालित पीडीएस के दुकानों में पीडीएस दुकानों के संचालन स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है। इन वार्डों के दुकानों में बीते वर्ष सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत एपीएल, बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले चावल के बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आई थी। खाद्य विभाग ने इस पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच की कार्यवाही की तो सरकारी चावल के बिक्री का मामला सामने आया। खाद्य विभाग ने इन दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जुर्माना पटाने का आदेश दिया था। किंतु इन पीडीएस दुकान संचालकों ने खाद्य विभाग के दिशा निर्देश को दरकिनार कर जुर्माना ही नहीं पटाया और बकायदा दुकानों का संचालन करते रहे। अंततः खाद्य विभाग ने पुलिस में इस प्रकरण की शिकायत दर्ज कराई। मानिकपुर चौकी में दर्ज शिकायत के अनुसार जांच की जा रही है। स्व सहायता समूहों के ऊपर दो लाख से अधिक का बकाया निकला है। जिसे पीडीएस दुकान संचालकों को पटाना था।

### 100 विद्यार्थियों को रायपुर के संस्था में दिलाया जा रहा प्रवेश

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा कोरबा जिले के मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले 100 छात्र-छात्राओं (50 विज्ञान व 50 गणित) के लिए नीट व जेईई जैसी प्रवेश परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी हेतु रायपुर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था ऐलेन में प्रवेश दिलाया जा रहा है। संस्था में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कोरबा जिले के शासकीय विद्यालय से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो कि अपनी आगे की पढ़ाई गणित अथवा विज्ञान विषय लेकर करने इच्छुक हैं एवं आगे जेईई व नीट की तैयारी करना चाहते हैं। जिला स्तर पर गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि रखने वाले दोनों संकाय के ऐसे 50-50 छात्र-छात्राओं का मेरिट आधार पर चयन किया गया है। साथ ही चयन प्रक्रिया में जिले में निर्धारित आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है। ये चयनित 100 छात्र-छात्राएं रायपुर में अगले दो वर्ष तक 11वीं व 12वीं कक्षा की अध्यापन के साथ ही जेईई व नीट की बेहतर तैयारी करेंगे। विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सहित आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

### अतिथि व्याख्याता व शिक्षकों की भर्ती शीघ्रता से करें पूर्ण

**कोरबा।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी भवनविहीन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र न हो। इस संबंध में आवश्यकतानुसार डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र से शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों पर अतिथि व्याख्याता व अतिथि शिक्षकों की भर्ती शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि उच्चतर विद्यालयों में विशिष्ट विषयों के पदों पर किसी शिक्षकों की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में रिक्त पदों पर रखने के निर्देश देते हुए आदिवासी विभाग से समन्वय बनाकर पीवीटीजी वर्ग के युवाओं को योग्यता अनुसार नियुक्ति देने की बात कही।

# जिले में हर तीन पंचायत में एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की तैयारी

## बैंक और सहकारिता विभाग जुटा रहा पंचायतों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कुछ वर्षों से बढ़ रहे खेती के रकबे और धान उत्पादन को लेकर राज्य शासन ने जिले में तीन ग्राम पंचायतों के मध्य एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की योजना अंतर्गत जिला प्रशासन से इस संबंध में जानकारी मांगी है। सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक प्रबंधन शासन के इस निर्देश पर अमल करते हुए नये धान खरीदी केन्द्र को लेकर जानकारी तैयार करने में जुट गया है।

प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद कृषि और ग्रामीण अंचलों के अधोसंरचना विकास को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है। इसी तारतम्य में प्रदेश में तीन ग्राम पंचायतों के मध्य एक धान खरीदी केन्द्र खोले जाने की घोषणा सरकार में आने के पूर्व भाजपा ने की थी। इसी कड़ी में अचार संहिता समाप्त होने के बाद राज्य सरकार ने इस दिशा पर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसे लेकर जिला प्रशासन को एक पत्र राज्य शासन से मिला है, जिसमें तीन ग्राम पंचायतों के मध्य नये धान खरीदी केन्द्र खोले जाने के संबंध में पंचायतवार किसानों की आबादी धान का उत्पादन और पुराने धान खरीदी केन्द्र से ग्राम पंचायतों की दूरी ऐसे कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। शासन से मिले इस नये निर्देश के तारतम्य में जिला सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक प्रबंधन ने अपने स्तर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों का डाटा संकलित कर नये धान खरीदी खोले जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है। जिले में 400 ग्राम पंचायतें और 712 ग्राम हैं। जिनके लिए 41 आदिवासी सेवा सहकारी समिति एवं 14 धान उपार्जन केन्द्र सहित कुल 55 केन्द्रों में धान खरीदी होती है, जहां इस वर्ष 49 हजार किसानों ने धान बेचा था, इसके अलावा तीन नये धान खरीदी केन्द्र जिले में शुरू किए गए थे, आने वाले धान खरीदी में जिले को और भी धान खरीदी केन्द्रों की सौगात मिल सकती है।

**खास बातें**

- शासन ने धान खरीदी केन्द्रों के विस्तार योजना के अंतर्गत मांगी है जिला प्रशासन से जानकारी
- दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी सुविधा



**लेमरू में बना नया केन्द्र**

कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमरू में बीते वर्ष धान खरीदी का नया केन्द्र खोला गया है और शुरूआती दौर से ही धान की आवक शुरू हो गई है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने से धान उत्पादन की ओर लोगों का रूझान बढ़ा है। यही कारण है की लेमरू जैसे दूरस्थ अंचल में धान की आवक बढ़ी है।

## नई इकाई स्थापना को लेकर सर्वे पूरा

# बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में 660 मेगावाट की नई इकाई लगाने की कवायद शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में 660 मेगावाट की एक नए इकाई लगाने की कवायद शुरु कर दी गई है। नए इकाई स्थापना को लेकर टीम द्वारा संयंत्र का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। अब विद्युत कंपनी प्रबंधन नए संयंत्र के लिए डीपीआर तैयार करने में जुट गया है। जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास भेजा जाएगा। जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद नए संयंत्र स्थापना को लेकर काम शुरु किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 440 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र को बंद कर दिया गया है। 45 साल के लंबे सफर में इस संयंत्र ने न केवल अविभाजित मध्य प्रदेश को रोशन किया बल्कि देश के कई अन्य राज्यों को बिजली आपूर्ति की। 50-50 मेगावाट की चार इकाइयों को पहले बंद किया गया जिसके बाद 120 मेगावाट वाली दो इकाईयों को भी हमेशा के लिए बंद कर दिया गया। 31 दिसंबर यानी नए साल से एक दिन पहले रात ठीक 12 बजे छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। दरअसल, प्रदूषण अधिक होने के कारण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राज्य सरकार से इसे बंद करने की सिफारिश की थी। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के सहयोग से 1976 और 1981 में कोरबा में विद्युत ताप संयंत्र की 120-120 मेगावाट की दो इकाइयों स्थापित की गई थीं। इसके बाद ही कोरबा को ऊर्जा नगरी के रूप में एक नहीं पहचान मिली थी। अपने 45 साल के इस सफर में प्लांट ने न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि अन्य राज्यों को भी सेवाएं दी। दोनों इकाइयों से औसतन 90-90 मेगावॉट ही बिजली का उत्पादन हो रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) के द्वारा संयंत्र का संचालन किया जा रहा था। गौरतलब है कि 50 मेगावाट व 120 मेगावाट की दोनों संयंत्रों में 454 नियमित और 550 ठेका कर्मचारी कार्यरत थे। इनमें से 150 का हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कंपनी व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में ट्रांसफर किया गया है। अब एक बार फिर बंद पड़े कोरबा पूर्व संयंत्र में नए संयंत्र की स्थापना की कवायद शुरु कर दी गई है। यहां 660 मेगावाट की सुपुर क्रिटिकल इकाई लगाने की तैयार की जा रही है। जिसके लिए सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

**खास बात**

- विद्युत कंपनी प्रबंधन कर रहा डीपीआर तैयार



फाइल फोटो

**राखड़ व्यवस्थापन बनेगी चुनौती**

उल्लेखनीय है कि 440 मेगावाट कोरबा पूर्व प्लांट की पुरानी इकाईयों के बंद होने के बाद यहां नई इकाई स्थापना की संभावना तलाश की जा रही थी। विद्युत कंपनी द्वारा यहां 660 मेगावाट की एक नई इकाई स्थापना की योजना बनाई गई है। डीएसपीएम संयंत्र की तरह ही इस नई इकाई के लिए भी जमीन, पानी, कोयला लिकेंज, कोयले की परिवहन सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध है। हालांकि राख व्यवस्थापन नए इकाई की स्थापना की दिशा में एक बड़ी चुनौती है। इसका समाधान होने पर ही इकाई स्थापना का काम पूरा किया जा सकेगा।

# नगर निगम के दो इंजीनियर को एसीबी की टीम ने घूस लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डी सी सोनकर



देवेंद्र स्वर्णकार

नगर निगम के सहायक अभियंता व उप अभियंता को निर्माण कार्य के रनिंग बल व फाइनल बिल में 2 प्रतिशत की कमीशन की राशि के 35 हजार रुपए नगद घूस लेते हुए बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की कार्यवाही से विभाग में हड़कंप मच गया है।

एंटी करप्शन की टीम लगातार घूसखोरों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के ढोढ़ीपारा के पूर्व पार्षद मनकराम साहू ने बिलासपुर एसीबी से लिखित में शिकायत की थी कि नगर निगम कोरबा के दर्री जोन के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार द्वारा निर्माण किए गए कार्य की एवज में रनिंग बल व फाइनल बिल के भुगतान करने के लिए 2 प्रतिशत कमीशन की डिमांड की जा रही थी। मनकराम साहू ने खुद से 42 हजार की डिमांड किए जाने की शिकायत की थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अधिकारियों को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई। मंगलवार को टीम कोरबा पहुंची। जहां कमीशन की राशि के रूप में 35 हजार रुपए लेते हुए सहायक अभियंता डी सी सोनकर व उप अभियंता देवेंद्र कुमार स्वर्णकार को एसीबी ने रंगेहाथ पकड़ लिया।

जहां दोनों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात रहे कि पिछले माह की एंटी करप्शन की टीम ने पाली में भी घुस लेते हुए नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी को रंगेहाथों पकड़ा गया था। अब एसीबी की टीम ने नगर निगम ने कार्यवाही की है जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

**खास बात**

- दोनों अधिकारी नगर निगम के दर्री जोन में हैं पदस्थ, ठेकेदार से रनिंग व फाइनल बिल के लिए 2 प्रतिशत की हुई थी डिमांड

# श्रमिक योजनाओं का लाभ देने श्रमिकों का कराएं पंजीयन : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार श्रमिकों के लिए नये-नये फैसलें ले रही हैं। कामकाजी श्रमिकों की दिक्कत को महसूस करते हुए उन्हें उनके कार्य स्थल के पास किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए मॉडल श्रम अन्न केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। यह केन्द्र रायपुर, कोरबा और कुनकुरी में खुलेंगे।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मॉडल श्रम अन्न केन्द्र रायपुर के तेलीबांधा, कोरबा के नगर निगम बुधवारी टंकी और कुनकुरी में स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में 9 जिलों में 24 जगहों पर श्रम अन्न केंद्र संचालित हो रहे हैं। योजना का विस्तार करते हुए 13 जिलों के 27 स्थानों पर नवीन श्रम अन्न केंद्र शुरु किए जाएंगे। बैठक में नवा रायपुर स्थित मंडल कार्यालय में श्रमायुक्त एवं सह-सचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल की सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रमायुक्त एसएल जांगडे सहित श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने श्रम विभाग के मण्डलों में असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, योजनाओं के आवेदनों के निराकरण में श्रमिकों अभिलेखों का सुस्पष्ट मिलान कर शत प्रतिशत पात्र श्रमिकों को लाभ प्रदाय करना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे श्रमिक जिनके अभिलेख में कमी, त्रुटि पाई जाती है उन श्रमिकों से अभिलेख पूर्ण कराकर पंजीयन, योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रदेश में निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत अब तक कुल 1534 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 927 आवेदन प्रक्रियाधीन है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत प्रदेश में कैलेण्डर वर्ष जनवरी से मई तक 2 लाख 47 हजार 742 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25 हजार 700 आवेदनों का निराकरण किया गया।

**खास बात**

- कोरबा, रायपुर, कुनकुरी में खुलेगा माडल श्रम अन्न केन्द्र



### वृक्ष की कटाई कर अवैध भंडारण, विभाग ने मारा छापा

**कोरबा।** एक ग्रामीण द्वारा जंगल से साल पेड़ों की अवैध रुप से कटाई कर उसे ग्रामीण ने अपने बाड़ी में छिपा दिया था। जब वन विभाग के अफसरों को इसकी भनक लगी तो वन विभाग की टीम ने ग्रामीण के घर में दबिश दी जहां उसके बाड़ी से 20 नग साल का गोला बरामद किया गया है। पकड़े गए ग्रामीण के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत एतमानगर परिक्षेत्र में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा साल वृक्ष की अवैध कटाई कर भण्डारण किया गया है। सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र अधिकारी एतमानगर द्वारा जांच दल गठित किया गया और जांच दल द्वारा आरोपी बृजपाल ग्राम रामपुर उम्र 48 वर्ष के घर बाड़ी में तलाशी ली गयी, जहां उनके द्वारा अवैध रूप से भण्डारित 20 नग साल का गोला, 1.888 घन मीटर तलाशी में पाया गया।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेत में धान की बुआई करने के लिए गांव के तीन लोग खेत पर काम कर रहे थे कि इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी के साथ जमकर बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए खेत में काम कर रहे एक महिला सहित तीन लोग महुआ पेड़ के नीचे शरण लेने जा पहुंचे। जहां इसी बीच आकाशीय बिजली सीधे महुआ पेड़ पर आ गिरी। जहां आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी तरुण कंवर के खेत में धान की बुआई करने के लिए उसकी पत्नी बसंती कंवर 38 वर्ष, इसी गांव में निवास करने वाला भुवनेश्वर कंवर 45 वर्ष पिता परसराम कंवर व मनबोध नामक युवक खेत पर पहुंचे हुए थे और खेत पर धान की बुआई कर रहे थे कि इसी दौरान दोपहर लगभग 3 बजे मौसम में अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश शुरू हो गई। देखते-देखते तेज बारिश शुरू हो गई और बारिश से बचने के लिए बसंती, भुवनेश्वर व मनबोध खेत के पास स्थित महुआ पेड़ पर जा पहुंचे और इसी दौरान महुआ पेड़ पर ही आकाशीय बिजली आ गिरी जिसकी जद में आते ही बसंती कंवर व भुवनेश्वर कंवर की मौके पर ही मौत हो गई।

जॉंजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

TOP IN JANJGIR

N·S·D·C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
o MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
o OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
o DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
o EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
o डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
o पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24X7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य व नवजात एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

खबर संक्षेप

## शिवरीनारायण में केवट निषाद समाज ने किया सामाजिक सर्वे का कार्य पूर्ण



**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण में केवट निषाद समाज की सामाजिक जनगणना नगर के प्रमुख सियानो द्वारा किया गया। केंद्रीय समिति शिवरीनारायण अंतर्गत 9 जिलों के 33 परिक्षेत्र आते है। श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान केवट मंदिर प्रमुख कार्यालय है, जहां समाज की उत्तरोत्तर विकास की चर्चा होती है। इसी क्रम में शिवरीनारायण परिक्षेत्र की जनगणना सर्वे की कार्य चल रहा है, उचित संख्या जानने हेतु सभी गांव नगर शहर में सर्वे की शुरुआत हुई जहां महंतपारा, भोगहापारा के वार्ड नंबर 1 से पूरे 15 नंबर तक निवासरत केवट निषाद समाज की जनसंख्या की जानकारी पूरे 1 सप्ताह में भरे गर्मी में सघन जनसंपर्क कर एकत्रित किया गया जहां कुल 300 से अधिक घर है और लगभग 350 से 400 परिवार निवासरत है। इस कार्य में युवा समाजसेवी केंद्रीय समिति के सदस्य उग्रेश्वर गोपाल केवट एवं मीडिया प्रभारी अजय कुमार केवट के नेतृत्व में कार्यालय प्रभारी जितेंद्र केवट,पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत डॉक्टर मनहरण केवट, बजरंग केवट ,विनय केवट , जेठू केवट ,महिला शक्ति से श्रीमती टीकेश्वरी केवट सबने मिलकर जनगणना सर्वे का कार्य किया, जिसे लेकर केवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के केंद्रीय अध्यक्ष रामेश्वर केवट, केंद्रीय महासचिव रमेशचंद्र केवट, केंद्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर सनत केवट ने बधाई दी है।

## राजेश बने लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट के जोन चेयर पर्सन

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की नवीन कार्यकारिणी का पिछले दिनों



गठन किया गया जिसमें लायंस क्लब चांपा के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल का समावेश करते हुए उन्हें सत्र 2024-25 के लिए लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 - सी के अंतर्गत जोन चेयर पर्सन मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि लायन राजेश अग्रवाल लायंस क्लब चांपा में सत्र 2017-18 में कोषाध्यक्ष तथा सत्र 2018-19 में सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है। इसके पश्चात उन्होंने सत्र 2019-20 से लगातार चार वर्षो तक सत्र 2022-23 के दौरान क्लब के अध्यक्ष के रूप में अपनी कार्य क्षमता को प्रदर्शित किया है। वे सत्र 2023-24 के दौरान लायंस क्लब में रीजन जीएमटी कोआर्डिनेटर के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है। लायंस क्लब चांपा के माध्यम से विभिन्न सेवा भावी गतिविधियों में अपना सराहनीय योगदान प्रदान करने वाले लायन राजेश अग्रवाल को सत्र 2024-25 के लिए जोन चेयर पर्सन मनोनीत किये जाने पर क्लब के सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

## विनोद बने लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब



इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 - सी की नवीन केबिनेट का गठन पिछले दिनों डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन द्वारा किया गया। लायंस डिसर्ट्रिक्ट की नवीन डिसर्ट्रिक्ट केबिनेट में स्थानीय लायंस क्लब के सक्रिय व वरिष्ठ सदस्य लायन विनोद अग्रवाल को डिसर्ट्रिक्ट चेयर पर्सन मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि सत्र 2001 से लगातार लायनवाद से जुड़कर समाज सेवा के कार्यो में अपना योगदान दे रहे लायन विनोद अग्रवाल सत्र 2018-19 के दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष तथा इसके पश्चात क्लब के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देने के अलावा लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव तथा वाईस चेयरमेन पद पर भी कुशलता पूर्वक कार्य कर चुके है। लायनवाद में उनकी सेवाओं को देखते हुए डिसर्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन ने अपनी डिसर्ट्रिक्ट केबिनेट में इनका समावेश करते हुए इन्हें डिसर्ट्रिक्ट चेयर पर्सन मनोनीत किया है। लायन विनोद अग्रवाल को डिसर्ट्रिक्ट चेयर पर्सन मनोनीत किये जाने पर क्लब के सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की है।

## आदर्श ग्राम गोधना में बोर जलने के कारण पानी सप्लाई में हो रही दिक्कत



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के मुक्तिधाम में स्थित टैंकर के बोर जलने के कारण पानी सप्लाई ठीक से नहीं हो पा रहा है ।गांव के मिलन चौक एवं महावीर मोहल्ला में इससे जलापूर्ति होती है लेकिन बोर खराब होने के कारण 5 से 10 मिनट ही पानी की सप्लाई हो पा रहा है। गर्मी के दिनों में ग्रामीण हैंडपंप से पानी भरने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं।


### विधायक ने नया ट्रांसफार्मर लगाने एवं विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने की मांग

# अकलतरा एवं बलौदा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा एवं बलौदा क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती को लेकर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं कार्य पालन अभियंता को नया ट्रांसफार्मर लगाने, नए विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करने एवं रिक्त पड़े उपयंत्री के पद पर तत्काल पदस्थापना की मांग की। अधिकारियों द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया गया।

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जांजगीर जाकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी एवं कार्यपालन अभियंता एम के पांडेय से मुलाकात करते हुए अकलतरा एवं बलौदा क्षेत्र में लो वोल्टेज से आम जनता को परेशानियों का सामना करने पर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि करते हुए 5 एमवीए के नए ट्रांसफार्मर लगाने, अकलतरा एवं बलौदा में उपयंत्री का पद रिक्त होने से तत्काल उपयंत्री के पद पर उपयंत्री की पदस्थापना करने, अकलतरा एवं बलौदा के ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो नए सब स्टेशन की स्थापना करने, अकलतरा एवं बलौदा शहर में बिजली की आपूर्ति बहाल करने के साथ-साथ बिजली स्टेशन में शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल बिजली व्यवस्था में सुधार करने, 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की शिकायत होने पर बिजली विभाग के अधिकारियों को हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही गई। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक की मांग पर 5 एमवीए पावर क्षमता के नए ट्रांसफार्मर तत्काल लगाने का आश्वासन देने के साथ साथ अधिकारियों द्वारा अन्य मांगों पर उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को बहाल करने की बात कही गई। उमस भरी गर्मी में अकलतरा एवं बलौदा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा अघोषित बिजली कटौती किए जाने, लो वोल्टेज की समस्या एवं अन्य परेशानियों से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



अधिकारियों से चर्चा करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह।

## प्रकाश इंडस्ट्रीज में 132 यूनिट रक्तदान ...



चांप। स्थानीय प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 14 जून को प्रात: 9 :30 बजे से सायं 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 132 रक्तदाताओं ने 132 यूनिट रक्तदान किया। शिविर सनराईस क्लब में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला अस्पताल जांजगीर-चांपा के सहयोग से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. ए.के.जगत, सीएमएचओ डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, खण्ड चिकित्सा अधिकारी बम्हनीडीह सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों सहित समस्त चिकित्सा स्टॉफ तथा पीआईएल के स्टॉफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 24 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान आज प्लांट के सामने करेंगे प्रदर्शन

**अकलतरा।** केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के द्वारा 24 सूत्री मांगों को लेकर 20 जून से पावर प्लांट के में गेट के सामने आंदोलन एवं धरना प्रर्दशन प्रारंभ किया जाएगा। भू विस्थापित किसान संघ के ज्योति नोर्गे एवं सत्य प्रकाश निर्मलकर ने बताया कि केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड को भूमि अधिग्रहण में अपनी जमीन देने वाले किसानों के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 15 जनवरी 2024 को धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन प्रस्तावित था लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा पहल करते हुए किसानों की मांगों को लेकर प्लांट प्रबंधन से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण करने की बात कहे जाने पर आंदोलन 12 फरवरी 2024 तक स्थगित कर दिया गया था। समस्याओं के निराकरण होने की दिशा में कोई पहल नहीं होने पर 13 फरवरी को किसानों के द्वारा पावर प्लांट के सामने धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया। धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे ज्योति नोर्गे, सत्य प्रकाश निर्मलकर ,खूबचंद केवट एवं किसानों व प्लांट प्रबंधन की ओर से जी के ओझा, उज्जवल सिंह एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों के 23 सूत्री मांगों पर समिति गठित कर जल्द निराकरण की बात कही गई। आज दिनांक तक केस के महानदी पावर कंपनी लिमिटेड के भू विस्थापित किसानो की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है जिसके चलते भू विस्थापित किसान संघ के द्वारा 20 जून को पावर प्लांट के मेन गेट के सामने आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी प्लांट प्रबंधन की होगी।

## नरियरा विकास मंच के प्रयासों से राशन कार्ड बनवाने और जुड़वाने हुआ शिविर का आयोजन

**अकलतरा।** नवघोषित नगर पंचायत नरियरा के निवासियों के राशनकार्ड सबंधी समस्याओं को देखते हुए नरियरा विकास मंच के द्वारा जनपद कार्यालय जाकर अधिकारियों से चर्चा कर पंचायत भवन में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे पटवारी अवधेश ठाकूर, सचिव हेमलाल सिंह, सरपंच संतोषी गोड़ की उपस्थिति में नवीन राशनकार्ड बनाने, राशन कार्ड से नाम कटवाने एवं जुड़वाने के आवेदन फार्म भरवाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नगर वासी शामिल हुए एवं शिविर का लाभ लिया। शिविर के दौरान नरियरा विकास मंच के भवानी सिंह, बलराम गोस्वामी, विनीत नवरत्न, धीरेंद्र भारते, विक्की खूंटे के द्वारा आमजनों के आवेदन पत्रों को भरने के लिए सहयोग किया, साथ ही जागृती स्व सहायता समूह के सहयोग से ई केवाईसी करने का कार्य भी किया गया। इस सबन्ध में भवानी सिंह ने बताया कि नरियरा विकास मंच के द्वारा नरियरा के लोगों की समस्याओं के हल एवं विकास कार्यों का लाभ दिलाने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। बलराम गोस्वामी ने कहा कि ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनने के बाद नरियरा के निवासियों की राशन कार्ड , बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, सड़क, नाली, साफ सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए एक जागरूक नागरिक के रूप में नरियरा विकास मंच के कार्यकर्ता संकल्पित हैं एवं नव घोषित नगरपंचायत नरियरा के विकास के लिए जमीनी स्तर से प्रयास किया जाएगा।



## केशरवानी महिला समिति ने मनाया गंगा दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- रामबांधा तालाब पहुंचकर गंगा मईया को सौभाग्य सामग्री व चुनरी भेंटकर किया दीपदान

स्थानीय केशरवानी महिला समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के साथ गंगा दशहरा का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना से मनाया गया।

समिति की सभी सदस्यों ने रामबांधा तालाब पहुंचकर यहां गंगा मईया की पूजा अराधना कर उन्हें सौभाग्य सामग्री व चुनरी भेंट कर दीपदान किया। इसके बाद सभी ने गंगा मईया की आरती कर उन्हें नैवेद्य अर्पित किया। इसके पश्चात सभी ने गंगा मईया से अपने परिवार, समाज, नगर तथा देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी ने शिवालय जाकर भगवान शंकर और वहां स्थित अन्य मंदिरों में पूजा - अर्चना कर दीपदान किया। महिलाओं ने मां दुर्गा मंदिर में माता को साड़ी, सौभाग्य सामग्री और नैवेद्य अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने सभी सदस्यों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी तिथि को मां गंगा भागीरथी की तपस्या से धरती पर अवतरित हुई थी इसलिए इस दिन को गंगा दशहरा कहा जाता है। इस दिन स्नान दान और दस वस्तुओं के दान का बड़ा महत्व है। हमें गंगा मईया को सदैव स्वच्छ बनाये रखने के साथ ही नदी - तालाबो को भी स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर कुमारी बाई, तृप्ति, ईश्वरी, सुचित्रा, अलका, मंजू, सुशीला, अनुपमा, पूर्णिमा, सरला, कु. दिव्या, कु. नव्या, मिल्की, मान्या, अंशु के अलावा केशरवानी समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।



गंगा दशहरा पर्व मनाती महिलाएं।



## मानव अधिकार स्वरोजगार ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनीं मंजूलता

**जांजगीर-चाम्पा।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की भाजपा से वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मंजूलता टण्डन को भारतीय मानवाधिकार स्वरोजगार ट्रस्ट का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी यह नियुक्ति दिल्ली के उत्तरप्रदेश भवन में आयोजित समारोह में संगठन के मुख्य संरक्षक उत्तरप्रदेश शासन के श्रम एवं सेवा योजना मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र देकर की गई है। इस दौरान कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें इस पद से सम्मानित किया गया है। श्रीमती टण्डन पिछले 15 वर्षो से लगातार भारतीय जनता पार्टी में रह कर समाज व विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रहीं है। श्रीमती टण्डन ने बताया की देश के सभी प्रदेशों में संगठन के विस्तार के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा की संगठन की सभी जगहों पर कार्यकारिणी घोषित कर देश भर मे कार्य सही तरीके से किया जाएगा।

## शरीर को स्वस्थ्य रखने पांच दिवसीय योग शिविर में शामिल होकर योगा कर रहे लोग

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के सतनाम भवन में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन हो रहा है। योगाचार्य राजेश्वर कश्यप द्वारा सुबह 5 बजे से 7 बजे तक योगाभ्यास कराया जा रहा है। हालांकि इसकी जानकारी नहीं होने के कारण ग्रामीण कम संख्या में उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे एवं योग के माध्यम से शरीर को निरोग रखें ।

उन्होंने आगे बताया कि योग करके बहुत से बीमारियों से बचा जा सकता है एवं अंग्रेजी दवाइयां का हमारे जीवन में उपयोग कम हो जाएगा जिससे हमें शारीरिक एवं आर्थिक फायदे होंगे। आयुर्वेद ग्राम गोधना के फार्मासिस्ट पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसके तहत पूरे संसार में योग किया जाएगा। इसलिए 21 जून को ग्रामीण बड़ी संख्या में योग शिविर में उपस्थित रहे। इस योग शिविर को सफल बनाने में आयुर्वेद ग्राम गोधना के पीटीएस छोटू यादव लगे हुए हैं।



## एफएलएन प्रशिक्षण में 130 प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोता

विकास खण्ड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण हेतु पूरे ब्लाक को अडभार आमनदुला एवं छपोरा कुल 3 जोन में बांटा गया था जिसमें आमनदुला जोन क्रमांक 02 में प्रशिक्षण 2 चरणों में 10 जून से 13 जून तक तथा दूसरा चरण 14 जून से 17 जून तक चला।

इस जोन में कुल 11 संकुलो के लगभग 130 प्राथमिक शाला प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक शामिल हुए। प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रशिक्षण की शुरुआत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एम, एल, प्रधान सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री आरमो, प्राचार्य श्रीमती विमलेश सिंह चन्द्रा शा, उच्च, माध्यमिक विद्यालय आमनदुला एवं व्याख्याता श्री चित्रसेन कुमार दिनेश शा उच्च माध्यमिक विद्यालय आमनदुला एवं तथा इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर डीआरजी के रूप में विजय कुमार पटेल सीएसी आमनदुला प्रेम लाल धिरहे सीएसी पोता एवं तथा उक्त संकुलो के सहयोगी सीएसी जयराम जायसवाल मनोज जोशी अंजेश कौशिक दशरथ पटेल के सानिध्य में मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर राजकीय गीत गाकर बीईओ सर के प्रेरक उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ।इस प्रशिक्षण के माध्यम से एफएलएन अंतर्गत भाषा एवं गणित शिक्षण नवाजतन ई जादुई पिटारा, पुस्तकालय न ई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी देते हुए प्राथमिक स्तर कक्षा 1 से 3 के बच्चों में बुनियादी साक्षरता पढ़ना लिखना समझना के साथ गणितीय संकृया एवं भाषा ज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गतिविधि आधारित आफलाइन तरीके से सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का समापन श्रीमती बिमलेश सिंह चन्द्रा प्राचार्य शा, उच्च, माध्यमिक विद्यालय आमनदुला के सारगर्भित उद्बोधन पश्चात समापन की घोषणा की गई।



प्रशिक्षण में उपस्थित प्रधान पाठकों व शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।

### जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक आयोजित

# सर्वसम्मति से मामला किया गया नस्तीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा-06(1) अंतर्गत गठित जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में समिति के सदस्यगण श्रीमती रिशीकान्ता राठौर, श्रीमती नम्रता नामदेव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर (नवा बिहान) उपस्थित थे।

बैठक में समिति के द्वारा प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र में अग्रिम कार्यवाही करते हुए प्रार्थिया के शिकायत आवेदन पत्र का अवलोकन किया गया। जिसमें प्रार्थिया का शिकायत आवेदन पत्र महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत लैंगिक उत्पीड़न की परिधि में नहीं होने के कारण समिति के सर्वसम्मति से मामला नस्तीबद्ध किया गया। समिति के द्वारा बैठक में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति के बारे में समस्त शासकीय स्कूलों में प्रचार-प्रसार करने एवं समस्त शासकीय कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने हेतु निरीक्षण करने एवं समिति गठन करवाने के संबंध में चर्चा की गई।



बैठक में चर्चा करते समिति के पदाधिकारी।

## देवकीनंदन झेरिया समाज के प्रतिनिधि मंडल ने फुलबासन से की मुलाकात

**तालदेवरी।** देवकीनंदन झेरीया यादव समाज के जिला संयोजक सुधीर यादव अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मंगलवार 18 जून को दोपहर 1.30 बजे राजनांदगांव ज़िला कार्यालय गांव वाली पहुंच कर सौजन्य मुलाकात किया।

मुलाकात के पश्चात देवकीनंदन झेरीया यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल को अपने फार्म हाउस जहां जैविक खाद एवं अगर बत्ती महिला स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किया कर उसे बहुत ही कम क़ीमत में बिक्री किया जाता है ऐसे फार्म हाउस का भ्रमण कराया। फार्म हाउस से रवाना होकर पद्म श्री फुलबासन यादव के सौजन्य से तैयार नवनिर्मित आश्रम कुटी भ्रमण के लिए प्रतिनिधि मंडल को ले जाया गया, जहां चार तालाब में मछली पालन कर ज्यादा से ज्यादा लाभ अर्जित कर रहे हैं और आश्रम में हल्दी, मिर्च, मसाला व धनिया पाउडर निर्माण कर पेकेट तैयार कर के बहुत ही कम क़ीमत पर बिक्री किया जा रहा है, जिससे महिला समूहों को स्व रोजगार प्राप्त हो रहा है। पद्म श्री फुलबासन यादव ने बताय कि राजनांदगांव ज़िला कुल 16 हजार महिला स्व सहायता समूह के 2 लाख सदस्यों को स्व रोजगार प्राप्त हो रहा है जिसके खाता में कुल 40 करोड़ रुपए बचत है। वे अब निश्क्त एवं बेसहारा लोगों के लिए काम करना चाहती है। देवकीनंदन झेरीया यादव समाज के संयोजक सुधीर यादव ने यादव समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्व रोजगार बनाने केलिए सहयोग करने के लिए आग्रह किया गया, जिसमें पद्म श्री फुलबासन यादव ने हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया गया। जिला जांजगीर चांपा देवकीनंदन झेरीया यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से उपस्थित सुधीर यादव संयोजक, सुखी राम यादव, बोध राम यादव, रामेश्वर प्रसाद यादव, देवचंद यादव, सरोज यादव, जयनारायण यादव,दिलीप यादव के उपस्थित में सौजन्य मुलाकात किया गया।



**Online Booking : www.tripuryatra.com** माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



## स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक (07 दिन)

स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर (15.00), बिलापुर (17.30), चाम्पा (18.30), रायगढ़ (19.40) से होकर

सबसे कम राशि पर

# गंगा सागर यात्रा

सारे तीरथ बार-बार, गंगा सागर एक बार

## गंगा सागर, श्री जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : स्लीपर 13,500/-, 3एसी -21,500/-, 2 एसी -26,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 16,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

**रिजर्वेशन कोच (15 दिन)**
- 05 सितंबर से 19 सितंबर 2024
- 09 सितंबर से 23 सितंबर 2024
- 18 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
- 23 सितंबर से 06 अक्टूबर 2024
- 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
- 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
- 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
- 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगी नारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)

**चारधाम की विशेष सुविधा**

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए स्वयं के हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

**नोट : 11 टिकिट बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री (ऑफर केवल 30 जून तक)**

यात्रा पंजीयन खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-34,500/- ऑफर : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

**रिजर्वेशन कोच (10 दिन)**
- 25 जुलाई से 03 अगस्त 2024
- 20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
- 10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
- 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

**रिजर्वेशन कोच (11 दिन)**
- 24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
- 21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
- 11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
- 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
- 27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
- 25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,100/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

अयोध्या (राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी,

**रिजर्वेशन कोच (14 दिन)**
- 25 जुलाई से 06 अगस्त 2024
- 22 अगस्त से 03 सितंबर 2024
- 12 सितंबर से 24 सितंबर 2024
- 19 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024
- 02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
- 16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
- 07 नवंबर से 19 नवंबर 2024
- 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2024
- 19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024


राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूर से से 20 अक्टूबर 2024 तक (07 दिन)

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

रायपुर (8.00), उसलापुर (10.30), शहडोल (14.40) से होकर



स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (महाकालेश्वर)

**स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं**

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रू., 3एसी-20,500/-, 2एसी-25,500/-

ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन के अंदर राशि के निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन के अंदर 50 प्रतिशत, 7 दिन के अंदर 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन के अंदर राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. अंतिम यात्रा दिनांक से पहले आप बुकिंग करवा लें। ट्रेनों में आजकल दो महीना पहले ही वेटिंग लग जाती है। 6. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 7. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**ऑफिस समय**
सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411

**नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से यात्रा टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
सेवा समिति

**समिति की उपलब्धियां -**
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेंड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ)(एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता), श्रीमती अंजू गभेल (उपाध्यक्ष)

**OFFICE ADDRESS** RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**